>

Title: Request for payment of land acquisition compensation to farmers in Vardha Parliamentary constituency.

श्री रामदास तडस (वर्धा): धन्यवाद सभापति महोदय। मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 361 है, जिसके लिए किसानों की जमीनों का चार साल पहले अधिग्रहण किया गया था। अभी भी 21 किसान ऐसे हैं, जिनको उनका मुआवजा नहीं मिला है। उनको चक्कर काटते-काटते चार साल हो गए हैं। जमीन का अधिग्रहण करने के लिए पहले नहर से सटी जमीन भी अधिग्रहीत की गई, किन्तु मुआवजे की धनराशि देते समय भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण दोहरी नीति अपना रहा है। आपके माध्यम से मेरी सरकार से मांग है कि शेष किसानों को उनकी अधिग्रहीत जमीन की मुआवजा राशि दिलाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करे।

HON. CHAIRPERSON: Shri Kuldeep Rai Sharma is permitted to associate with the issue raised by Shri Ramdas Tadas.